# ANJANI FINANCE LIMITED

(CIN: L65910MP1989PLC032799)

THE AGARWAL CORPORATE HOUSE, 1, SANJANA PARK, ADJOINING AGARWAL PUBLIC SCHOOL, BICHOLI MARDANA INDORE M.P. Ph. 0731-4949699, Email: anjanifin@rediffmail.com

Web Site www.anjanifin.com

***Date:06/08/2026***

To,
DCS-CRD,
Bombay stock Exchange Ltd.
Dalal Street, Fort
**Mumbai-400001**

**BSE CODE: 531378**

**SUB:PUBLISHING OF QUARTERLY UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS OF THE COMPANY UNDER REGULATION 47 OF THE SEBI (LODR) REGULATIONS,2015 FOR QUARTER ENDED ON 30TH DAY OF JUNE,2026.**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 read with Schedule III Part A (A) and in compliance of Regulation 47(1)(b) of the SEBI (LODR) Regulations 2015, we are pleased to inform you that the Un-audited Financial Results of the Company for the Quarter ended on June 30, 2026 as approved in the meeting of the Board of Directors held on Wednesday, August 05, 2026 at 3:00 P.M and Concluded at 3.50 P.M., has been published in the Newspapers.

We are enclosing herewith the relevant advertisement published on August 06, 2026 in 'Free Press' (English) and 'Chautha Sansar' (Hindi) newspapers, for your reference and record.
You are requested to please take on record the said information.

Thanking you

Yours faithfully,
***For, ANJANI FINANCE LIMITED***

KALPANA JAIN
Digitally signed by KALPANA JAIN
Date: 2026.08.06 12:12:26 +05'30'

***(Kalapna Jain)***
***Managing Director***
***DIN 02665393***

एक नजर



## गौरव दिवस के समापन अवसर पर हुआ गीतांजलि कार्यक्रम

**खंडवा,** (निप्र)। किशोर समाधि के सामने सद्भावना हाल में सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन व्दारा आयोजित गीतांजलि कार्यक्रम में किशोर जयंती एवं गौरव दिवस के समापन अवसर पर सुर साधकों द्वारा कराओके पर गीत संगीत गजल का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस आयोजन में खंडवा मध्यप्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात आदि से पधारे सुर साधकों ने हरफन मौला पार्श्व गायक किशोर कुमार के गाए एक से एक बेहतरीन गानों की प्रस्तुतियों के माध्यम से सबका मन मोह लिया। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने दी। बताया कि वही इस मौके पर स्टेट प्रेस क्लब मध्य प्रदेश, अभिनव कला समाज इंदौर अध्यक्ष तथा इंडियन फेडरेशन आफ प्रेस क्लब्स कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण खारीवाल,का सम्मान मंच की ओर से मंच संस्थापक प्रमोद जैन व्दारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।



## होटल त्रिनेत्रम में जुआ खेलते 8 आरोपी गिरफ्तार, 68 हजार रुपये जब्त

खंडवा, (निप्र)। मान्धाता थाना पुलिस ने होटल त्रिनेत्रम में छापा मारकर जुआ खेलते आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से फड़ सहित 68 हजार रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि होटल त्रिनेत्रम में रुपये-पैसों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आठ आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से कुल 68 हजार रुपये बरामद किए गए। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनोख सिंह सिंदिया, प्रधान आरक्षक भगवान धनगर, कृपाराम परिहार तथा आरक्षक पवन महाजन, अमित कुशवाह, रवि सोलंकी, सुरेंद्र बरेडिया एवं गुणाकेश पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।



# जोशी को झुमरू, बक्शी को खंडवा का गौरव सम्मान

### किशोर दा के पैतृक बंगले पर हुआ आयोजन, दिनभर चला बंगला निहारने का कार्यक्रम

खंडवा, (निप्र)। किशोर दा के जन्मोत्सव पर उनके चाहने वाले बंगले पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। यहां पहुंचने वाले किशोर प्रेमियों के लिए गायन का ओपन मंच प्रदान किया जाता है। इस साल से यहां खंडवा का गौरव और झुमरू सम्मान देने की परंपरा शुरू की गई है। प्रसिद्ध गायिका तोरल बक्शी पहली खंडवा की गौरव बनीं और खरगोन के विनय जोशी को झुमरू सम्मान दिया गया।

द इंटरनेशनल किशोर कुमार मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक साजिद सईद और स्पोक पर्सन आसिफ सिद्दीकी ने बताया कि किशोर दा का बंगला उनके चाहने वालों के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है।

हर साल हजारों लोग किशोर दा याद करने यहां पहुंचते हैं। हर साल किशोर मेमोरियल फाउंडेशन किशोर प्रेमियों को यहां ओपन माइक प्रदान करता है जहां संगीत प्रेमी उन्हें गीतांजलि पेश कर सकें। इस आयोजन में एक आयाम और जोड़ते हुए किशोर दा की स्मृति झुमरू सम्मान और खंडवा के गौरव सम्मान शुरू किए गए हैं। पहला झुमरू सम्मान खरगोन के गायक और किशोर प्रेमी विनय जोशी को दिया गया है। जबकि खंडवा की तोरल बक्शी पहली खंडवा की गौरव बनीं हैं। इन दोनों को सिटी मैजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर, डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे और नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे व मेमोरियल फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सम्मान से नवाजा। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक प्रफुल्ल मंडलोई ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील जैन, एल्डरमैन रमाकांत पांडे, दिल्ली के सिंगर शील कुमार, भोपाल की सिंगर शिवांगी गौर, भोपाल के जयदीप सरकार, अमीन अहमद, यूसुफ सिद्दीकी, फिरदौस खान, जीनत शेख, हुरैन शेख आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और फाउंडेशन के सदस्यों ने किशोर दा के 97वें जन्मदिन का केक काटा गया।

## हरदा वृत्त में सघन विद्युत चेकिंग अभियान, 165 प्रकरण दर्ज



हरदा, (निप्र)। वृत्त के समस्त अधिकारियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। जानकारी देते हुए महाप्रबंधक संजय यादव ने चौथा संसार को बताया कि अभियान के दौरान हरदा वृत्त के विभिन्न वितरण केंद्रों में विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शनों एवं मीटरों की गहन जांच की गई। चेकिंग के दौरान विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुल 165 प्रकरण दर्ज किए गए। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत का उपयोग केवल वैध कनेक्शन के माध्यम से करें तथा किसी भी प्रकार की विद्युत चोरी या अनियमितता से बचें। कंपनी द्वारा ऐसे सघन चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे ।



## शिवाजी महाराज प्रतिमा अनावरण समारोह के लिए साध्वी ऋतंभरा को दिया निमंत्रण

खंडवा, (निप्र)। खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने ओंकारेश्वर कोठी स्थित आश्रम पहुंचकर साध्वी ऋतंभरा का आशीर्वाद लिया तथा खंडवा के शिवाजी चौक पर प्रस्तावित छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा के अनावरण समारोह एवं विशाल धर्मसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का निमंत्रण दिया। मुलाकात के दौरान विधायक ने श्रद्धापूर्वक आग्रह करते हुए कहा कि जब तक साध्वी ऋतंभरा खंडवा आने की सहमति नहीं देंगी, तब तक वह अपने स्थान से नहीं उठेंगी। विधायक के आग्रह से भावुक हुई साध्वी ऋतंभरा ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए खंडवा आने की सहमति प्रदान की।




# छात्रसंघ चुनाव छात्रों का अधिकार - सिद्धार्थ विश्नोई

### उच्चतम न्यायालय के निर्णय का किया स्वागत

हरदा, (निप्र)। एनयूएसआई के साथी अदनान अंसारी के द्वारा लगाई गई जनहित याचिका पर माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद अब हमारी स्पष्ट मांग है कि मध्य प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव कराए जाएं। ि

जला अध्यक्ष सिद्धार्थ बिश्नोई ने आयोजित पत्रकार वार्ता के माध्यम से कहा कि छात्रसंघ चुनाव की लड़ाई एनएसयूआई ने सड़क से लेकर सदन और न्यायालय तक पूरी मजबूती के साथ लड़ी है छात्रसंघ चुनाव छात्रों का अधिकार था है और रहेगा। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाएं । साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो एनएसयूआइ व्दारा आंदोलन किया जाएगा ।

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र, गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**
**संभाग, खण्डवा**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसित कालोनी विश्व बैंक अतिरिक्त, जसवाड़ी रोड, खण्डवा स्थित भवन/भूखण्ड क्रमांक **EWS-519** मंडल द्वारा श्रीमती छाया झवर पति श्री वीरेंन्द्र झवर के नाम आवंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय में दिनांक **18/12/2023** को पंजीकृत हुआ था। तत्पश्चात श्री मोनू पाटिल पिता श्री रामदास पाटिल द्वारा उक्त संपत्ति क्रय कर उसका विक्रय विलेख दिनांक **10/01/2024** को अपने पक्ष में पंजीकृत कराया गया है।

क्रेता एवं विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ–पत्र/संयुक्त शपथ–पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त संपत्ति का नामांतरण श्री मोनू पाटिल पिता श्री रामदास पाटिल के नाम किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिस पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, संस्था, वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी पक्ष को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक से **15** (पंद्रह) दिवस के भीतर आवश्यक साक्ष्यों सहित लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा मंडल नियमानुसार आगे की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल
संभाग, खण्डवा

**शेयर प्रमाण-पत्र के हस्तांतरण संबंधी सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **एसोसिएटेड अल्कोहल्स एंड ब्रेवरीज़ लिमिटेड** के अभिलेखों में फोलियो संख्या 9809 के अंतर्गत शेयर प्रमाण पत्र संख्या 33422, जिसमें 100 इक्विटी शेयर सम्मिलित हैं तथा जिनके विशिष्ट (Distinctive) क्रमांक 6513701 से 6513800 तक हैं, और जो **श्रीमती अनीला आर. चोपड़ा / श्री राजेन्द्र एन. चोपड़ा** के नाम दर्ज हैं, उनके हस्तांतरण हेतु आवेदन **स्वर्गीय श्री रामकिशन अग्रवाल** (उक्त शेयरों के मूल क्रेता) के विधिक उत्तराधिकारी एवं आवेदक **श्री पवन रामकिशन अग्रवाल** द्वारा सेबी परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)/2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 के अंतर्गत प्रदान की गई विशेष विंडो (Special Window) के तहत प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त शेयरों के संबंध में कोई दावा, आपत्ति अथवा अधिकार हो, तो वह अपने दावे/आपत्ति के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजों सहित कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, **अंकित कंसल्टेंसी प्रा.लि.**, 60, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स, परदेशीपुरा, इंदौर–452010 (मध्य प्रदेश) के समक्ष इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **15 (पंद्रह) दिनों** के भीतर प्रस्तुत करें।

यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो कंपनी उक्त शेयरों का हस्तांतरण बिना किसी अन्य सूचना के आगे की कार्यवाही के अनुसार कर देगी।

दावेदार/आवेदक
**पवन रामकिशन अग्रवाल**
**(स्व. श्री रामकिशन अग्रवाल के विधिक उत्तराधिकारी)**
पता: डी-601, एलीट गोल्फ ग्रीन, सेक्टर-79,
नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश)–201301

दिनांक: **05.08.2026**
स्थान: **इंदौर**



## त्योहारों को लेकर खंडवा पुलिस ने की बलवा परेड

खंडवा, (निप्र)। आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने की तैयारियों के तहत खंडवा पुलिस ने पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में बलवा परेड का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारनेकर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गजेंद्र सिंह कवर के नेतृत्व में आयोजित परेड में पुलिस बल को दंगा नियंत्रण संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।परेड के दौरान पुलिसकर्मियों को बलवा सामग्री धारण करने, उसके उपयोग एवं उद्देश्य की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न परिस्थितियों में त्वरित एवं कानूनसम्मत कार्रवाई, धैर्यपूर्वक भीड़ नियंत्रण तथा विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के संबंध में अभ्यास कराया गया। बलवा परेड में नगर पुलिस अधीक्षक, जिले के सभी थाना प्रभारी तथा लगभग 100 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पत्रकार हौसला छोड़ दें तो लोकतंत्र में दरारें आ जाएंगी - रैना

### - खंडवा में द जर्नी ऑफ जर्नलिस्ट कार्यक्रम में बोले पत्रकार

### - पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने कहा कलम पर गौर करें, पैसे पर नहीं

**खंडवा,** (निप्र)। स्टेट प्रेस क्लब द्वारा आयोजित द जर्नी ऑफ जर्नलिस्ट कार्यक्रम में निमाड़ के चार जिलों के पत्रकारों को संबोधित करते हुए नई दिल्ली के पत्रकार राजेश रैना ने कहा कि पत्रकार हौसला छोड़ दें तो लोकतंत्र में दरारें आ जाएंगी। उन्होंने कहा, ह्जी तो चाहता है सच बोलें, मगर नौकरी का दम घुटने का जो डर है। हमें पत्रकारिता में एक्सक्लूसिव छोड़कर ह्यूमेनिटी लानी पड़ेगी। पत्रकार गरीब होता है, मगर कलम ज्ञानवान होती है। इससे सब कुछ बदला जा सकता है। इसलिए कलम पर गौर करें, पैसे पर नहीं।

कार्यक्रम में नेशनल जर्नलिज्म की वरिष्ठ पत्रकार एवं पाञ्चजन्य संपादक सुश्री तृप्ति श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष 2000 के बाद लाइव जर्नलिज्म ने पत्रकारिता की दिशा बदल दी। अब सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म ने कई स्तंभ खड़े कर दिए हैं, लेकिन खोजी पत्रकारिता पर ही सुधी पाठक विश्वास करते हैं।प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सुश्री श्रीवास्तव ने कहा कि जेन-जी के सोशल मीडिया प्रोटेस्ट ने मीडिया को कई नए नाम दिए हैं, मगर जंतर-मंतर ने मीडिया के प्रति सोच में बदलाव लाकर वैचारिक संग्राम शुरू कर दिया है। एआई के जमाने में फैक्ट-चेक करके काम करने की आवश्यकता है और एआई का स्मार्ट तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस ने कहा कि पत्रकारिता में हमें सिलेक्टिव होने के साथ नेशनलिस्ट भी होना पड़ेगा। जनप्रतिनिधियों को वीर सावरकर की तरह उदघोषणा करनी पड़ेगी कि पैसे से संसार नहीं चलता और इस भ्रम से बाहर आना होगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को विषय विशेषज्ञ होना चाहिए। उन्हें संस्कृति, प्रकृति और राजनीति में विशेषज्ञता हासिल करनी चाहिए। श्रीमती चिटनीस ने स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा रचनात्मक और दिशापरक कार्य करते हैं। उन्होंने ह्यद जर्नी ऑफ जर्नलिस्टह्व का अगला कार्यक्रम बुरहानपुर में आयोजित करने का आमंत्रण भी दिया।खंडवा विधायक श्रीमती कंचन तनवे ने कहा कि निमाड़ के चार जिलों के पत्रकारों का सम्मेलन खंडवा के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज को दिशा देने का मिशन है। इसके माध्यम से जनप्रतिनिधियों को रोज काम करने का अवसर मिलता है। श्रीमती तनवे ने निमाड़ के पत्रकारों को सतत आगे बढ़ाने में सहयोग का आश्वासन दिया।

महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने कहा कि हर क्षेत्र में परिवर्तन आवश्यक है और यह परिवर्तन हम जर्नलिज्म में भी देख रहे हैं। प्रमुख अतिथि सीएच ग्रुप के राजू जैन ने कहा कि स्टेट प्रेस क्लब छोटे जिलों में जाकर जो कार्यक्रम कर रहा है, उससे कस्बाई पत्रकारों को काफी समर्थन मिलेगा। वरिष्ठ पत्रकारों को प्रोत्साहित करने साहित्यकार उद्योगपति आलोक सेठी ने कहा पत्रकारिता में चुनौती मगर जो चुनौतियों से लड़कर समाज को नई दिशा दें वही कलमकार है। उन्होंने कहा अक एक ज्वलंत विषय है और जर्नलिज्म में बदलाव के साथ अपडेट रहकर काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने वरिष्ठ पत्रकार राजेश रैना और सुश्री तृप्ति श्रीवास्तव का सम्मान किया। अतिथियों ने वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा, अजीजुद्दीन शेख, उमेश रेवलिया, राकेश जायसवाल सभी खरगोन, डॉ प्रमोद सिंहा, संजय राठी, सिराजुद्दीन शेख, अनिल सारसर खंडवा, जैद अहमद, वीरेंद्र वाशिंदे, राजेश नाहर बड़वानी का निमाड़ की पत्रकारिताएं श्रेष्ठ योगदान पर सम्मान पर किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार महासचिव नवनीत शुक्ला, राजेंद्र कोपरगांवकर, प्रेस क्लब महिला विंग अध्यक्ष सुश्री सोनाली यादव भी मौजूद रही। स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने निमाड़ के समस्त पत्रकारों को शुभकामनाएं दी।

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र, गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**
**संभाग, खण्डवा**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसीत कॉलोनी श्रमिक बस्ति, बुरहानपुर में भवन क्रमांक **LIG-20** मंडल द्वारा श्री मनोहर जोशी पिता श्री यशवंत जोशी के नाम से आवंटित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक **11/08/1988** को पंजीकृत है। मूल आबंटि की मृत्यु दिनांक **31/08/1992** को हो जाने से तथा इनकी पत्नी श्रीमती लीलाबाई पति स्व. श्री मनोहर जोशी की मृत्यु दिनांक **15/07/2003** को हो जाने से इनके पुत्र श्री गजानन जोशी पिता स्व. श्री मनोहर जोशी द्वारा अपनी चार बहनों में श्रीमती विद्या उर्फ अल्का पति श्री राम कुलकर्णी, श्रीमती संध्या पति श्री रमेश बल्लाल, श्रीमती अंजली उर्फ अन्जू पति श्री सुधीर केलकर, श्रीमती अनिता उर्फ वृन्दा पति श्री हेमन्त शेट्टे सभी पिता स्व. मनोहर जोशी की सहमती का शपथ पत्र, स्वयं के शपथ पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त संपत्ति अपने नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है। तदानुसार नामांतरण की कार्यवाही की जानी है।

श्री मनोहर जोशी की मृत्यु उपरांत उक्त संपत्ति इनके पुत्र श्री गजानन जोशी पिता स्व. श्री मनोहर जोशी के नाम से नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति/ परिवार के सदस्य / उत्तराधिकारी /संस्था/वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से **15** दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल
संभाग, खण्डवा

**प्रपत्र – ए सार्वजनिक उद्घोषणा**
(भारतीय दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोधन अक्षमतासमाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)

**महाकाली फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

**संबंधित विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारपोरेट देनदार का नाम | **महाकाली फूड्स प्राइवेट लिमिटेड** |
| 2. | कारपोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 04/03/2002 |
| 3. | यह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कारपोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है | ROC ग्वालियर |
| 4. | कारपोरेट देनदार की कारपोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U15499MP2002PTC015006 |
| 5. | कारपोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | 48-बंगाली कॉलोनी कनाडिया रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत, 452001 |
| 6. | कारपोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि | 31-07-2026 (ऑर्डर NCLT की वेबसाइट पर 03-08-2026 को अपलोड किया गया) |
| 7. | दिवाला समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 27-01-2027 (ऑर्डर की तारीख से 180 दिन) |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | श्री नवीन खंडेलवाल रजि. क्रमांक: IBBI/IPA-001/IP-P00703/2017-18/11301 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का बोर्ड में पंजीकृत पता और ई-मेल | पता:-206, नवनीत प्लाजा 5/2 ओल्ड पलासिया, इंदौर-452018 ईमेल: navink25@yahoo.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल से पत्राचार हेतु पता और ई-मेल दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | पता:-206, नवनीत प्लाजा 5/2 ओल्ड पलासिया, इंदौर-452018 ईमेल: cirp.mahakalifoods@gmail.com |
| 11. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप-धारा (6क) के खंड (ख) के अधीन अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां. | 17-08-2026 (IRP को ऑर्डर मिलने की तारीख से 14 दिन) |
| 12. | यदि कोई किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित | सीमित जानकारी के आधार पर, IBC 2016 की धारा 21(6A)(b) के तहत लेनदारों का कोई वर्ग नहीं है। |
| 13. | इनसॉल्वेंसी प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | लागू नहीं। |
| 14. | संबंधित प्रपत्र और अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है : | (a) वेबलिंक: https://ibbi.gov.in/en/home/downloads फिजिकल पता: पॉइंट 10 के अनुसार (b) अब तक IRP के पास मौजूद जानकारी के अनुसार लागू नहीं। |

इसके ज़रिए यह सूचना दी जाती है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने 31-07-2026 को महाकाली फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी रिज़ॉल्यूशन प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है (आदेश 03-08-2026 को एनसीएलटी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था)।
महाकाली फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण दिनांक 17-08-2026 को अथवा उससे पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर प्रविष्टि सं. १० के समक्ष वर्णित पते तथा ई-मेल पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।
फाइनेंशियल क्रेडिटर्स को अपने क्लेम और उनके सबूत सिर्फ़ इलेक्ट्रॉनिक तरीके से ही जमा करने होंगे। बाकी सभी क्रेडिटर्स अपने क्लेम और सबूत खुद जाकर, डाक से या इलेक्ट्रॉनिक तरीके से जमा कर सकते हैं।
एंट्री नंबर 12 में लिस्टेड क्लास से जुड़े किसी फाइनेंशियल क्रेडिटर को, उस क्लास के अधिकृत प्रतिनिधि के तौर पर काम करने के लिए एंट्री नंबर 13 में लिस्टेड तीन इनसॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स में से किसी एक को चुनना होगा और इसकी जानकारी फॉर्म सीएमें देनी होगी।
दावे के झूठे या गुमराह करने वाले सबूत जमा करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**तारीख: 06-08-2026**
**स्थान: इंदौर**

**नवीन खंडेलवाल**
**अंतरिम समाधान पेशेवर**
आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00703/2017-18/11301
एएफए 31-12-2026 तक वैध है

**PUBLIC NOTICE**
**NOTICE FOR PROPOSED TRANSFER OF GOODWILL AND CONTINUATION OF FIRM NAME OF DECEASED CHARTERED ACCOUNTANT FIRM**

Notice is hereby given to the public and all concerned that **Late CA Dhananjay Dave,** Member of the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI), Membership No. **007227**, who was carrying on professional practice under the name and style of **M/s D. J. Dave & Co., Chartered Accountants (Firm Reg. No. 001050C) having office at 52-53, II Floor, Dawa Bazar, 13-14, R. N. T. Marg, Indore – 452001,** Madhya Pradesh, India, expired on **21/02/2026.** The legal heirs of **Late CA Dhananjay Dave** propose to transfer the professional goodwill and associated permissible rights of the said proprietary Chartered Accountant firm, including the proposed right to continue/use the firm name, in favour of **CA Hraday Bansal,** member of the Institute of Chartered Accountant of India (ICAI), **Membership No. 452521** subject to obtaining necessary approval from the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) and compliance with the applicable provisions of the Chartered Accountants Act, 1949, Chartered Accountants Regulations, 1988 and applicable ICAI Guidelines. Any person having any objection, claim or concern regarding the proposed transfer of goodwill and continuation/use of the aforesaid firm name may submit the same in writing along with supporting documents within **15 (fifteen) days from the date of publication of this notice before:**
**Firm Section / Deputy Secretary (M&SS)**
**The Institute of Chartered Accountants of India**
**Central Regional Office (CRO),**
**ICAI Bhawan, Plot No. 9, Block A-1, Lakhanpur, Kanpur- 208024**
**with a copy to the undersigned at:**
**CA Hraday Bansal, B-602, The One, RNT Marg, Indore – 452001 (M.P.)**
Email: cabansalmaheshwari@gmail.com
In the absence of any objection received within the above period, it shall be presumed that there is no objection to the proposed transfer of goodwill and continuation/use of the aforesaid firm name.

Date:05/08/2026
Place:Indore

**CA Hraday Bansal**
**M. No. : 452521**
**Proposed Purchaser of Goodwill**

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

**क्रमांक INDAL0720260056** **:: विज्ञप्ति ::** **दिनांक:- 30/JUL/2026**

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम- जेतपुरा, तहसील- सांवेर, जिला-इंदौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ. क्रं. | कॉलोनाईजर का नाम | स्थान जहां से विकास अनुमति जारी की जाना है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | भूमिस्वामीः- 1. अशफाक पटेल पिता अब्दुल करीम 2. अय्यूब अब्दुल पटेल पिता अब्दुल पटेल तर्फे विकासकर्ता मेसर्स एस.आर.पी. रियल्टीस् तर्फे पार्टनर 1. श्री संदीप अग्रवाल पिता श्री नरेन्द्र अग्रवाल 2. श्री प्रीतेश जैन पिता श्री महेन्द्र जैन, 3. श्री रितेश नीमा पिता श्री मुकेश नीमा पताः- 203-204, शिवाय एवेन्यू, 145, जावरा कम्पाउंड इन्दौर कालोनी का नाम "SIGNATURES CREST" | ग्राम जैतपुरा तहसील सांवेर जिला इन्दौर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 169 रकबा 5.33 हे. में से 4.777 हे. पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक एमपी7आईजीआर17522026ए100744740 इंदौर दिनांक 19.06.2026 से भूखण्ड क्रमांक 1 से 4, 9, 10, 14 से 17, 25, 26, 36, 37, 41 से 44, 51, 52, 56, 57, 60, 61, 62, 77, 78, 79, 89, 90, 96, 97, 98, 103, 104, 116, 117, 118, 134, 135, 138, 139, 140, 141, 146, 147, 150, 151, 158, 159, 164, 165, 174, 175, 184 से 187, 196, 197, 198, 232 से 236, 239, 240, 255 से 258, 269 से 272, 285 से 290, 304, 305, 309 से 312 इस प्रकार कुल 88 भूखंड जिनका कुल क्षेत्रफल 7118.01 वर्गमीटर भूमि है, बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 88 भूखण्ड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नही किया जावेगा।
(कलेक्टर महोदय एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित) **अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर**

**ANJANI FINANCE LIMITED**
**CIN : L65910MP1989PLC032799**
Regd. Office : The Agarwal Corporate House, 5th Floor, 1, Sanjana Park, Adjoining Agarwal Public School, Bicholi Mardana Main Road, Indore-452 016 (M.P.)
Phone: 0731-4949699, e-mail: anjanifin@rediffmail.com, website: www.anjanifin.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 30.06.2026**
*(₹ in Lakhs except EPS)*

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2026 | 31.03.2026 | 30.06.2026 | 31.03.2026 |
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 11.38 | 11.13 | 13.22 | 52.09 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | (0.61) | 4.30 | (1.45) | 12.04 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax, (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (0.61) | 4.30 | (1.45) | 12.04 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (0.61) | 3.92 | (1.45) | 15.92 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Equity Share Capital | 1014.33 | 1014.33 | 1014.33 | 1014.33 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 515.74 | 515.74 | 499.82 | 515.74 |
| 8 | Earnings Per Share (before extraordinary items) (of ₹ 10/- each) Basic : Diluted | (0.006) | 0.039 | (0.014) | 0.157 |
| 9 | Earnings Per Share (after extraordinary items) (of ₹ 10/- each) Basic: Diluted: | (0.006) | 0.039 | (0.014) | 0.157 |

**Notes:** (1) The above is an extract of the detailed format of Un-audited Quarterly Financial Results filed the Stock Exchange under regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations 2015. **(2)** The full format of the Un-Audited Quarterly Financial Result are available on the website of the company **www.anjanifin.com** and BSE Limited :

QR Code for Company's Website
QR Code for BSE Ltd.'s Website

Place : **Indore**
Date : **06.08.2026**

By Order of the Board
For **Anjani Finance Limited**
Sd/-
**KALPANA JAIN**
Managing Director
DIN: 02665393

